# अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ धूमधाम से मनाया गया पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर ध्वजारोहण समारोह

## आयोजन के अंतिम दिन नगर के प्रमुख मार्गों से निकली भव्य शोभा यात्रा, स्थान स्थान पर हुआ स्वागत

**निज संवाददाता**

शिवपुरी-नगर के भव्य अतिशय पार्श्वनाथ जैन मंदिर का 35 वां ध्वजारोहण समारोह इस वर्ष धूमधाम उत्साह और उमंग तथा अनेक आयोजनों के साथ मनाया गया। इस वर्ष ध्वजारोहण समारोह के लाभार्थी इंदरमल-तेजमल सांखला परिवार है। जिनके सौजन्य से ध्वजारोहण समारोह की एक-एक रस्म भक्तिभाव और जैन धर्म की परंपराओं के अनुरूप मनाई गई। पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर ध्वजारोहण से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों से एक भव्य चल समारोह निकाला गया। इसके साथ ही शिवपुरी में चार्तुमास करने के लिए पधारी 6 जैन साध्वियों का विधिवत चार्तुमास प्रवेश हुआ। चल समारोह में जैन बन्धु श्वेत वस्त्र पहने हुए थे। जबकि सभी महिलाऐं लाल रंग की साडि?ें में चल समारोह की गरिमा में चार चांद लगा रहीं थी। शोभा यात्रा का स्थान-स्थान पर भव्य स्वागत हुआ। चल समारोह का समापन जैन मंदिर पर हुआ जहां सत्तरभेदी पूजन के साथ ठीक 12:36 मिनिट पर विजय मुहुर्त में मंदिर पर लाभार्थी परिवार द्वारा ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर द्रोणद्वारा पुष्प वर्षा की गई। वहां उपस्थित सभी लोगों ने जय-जयकार के नारों से आकाश गुंजायमान कर दिया। ध्वजारोहण समारोह में शिवपुरी से बाहर से भी सैकड़ों जैन और अजैन धर्मावलम्बि बड़ी संख्या में पधारे थे। जैन संस्कृति में ध्वजारोहण समारोह का एक अपना विशिष्ट महत्व है। शिवपुरी पधारी साध्वी जी का कथन है कि ध्वजारोहण समारोह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान हैं बल्कि यह जैन धर्म के सिद्धांतों और मूल्यों का भी प्रतीक है। ध्वजारोहण समारोह के विषय में मान्यता है कि



यह रक्षा कवच का कार्य करता है इससे न केवल मंदिर बल्कि नगर की भी रक्षा होती हैं। इसी भावना के साथ यह आयोजन प्रतिवर्ष जैन समाज आयोजित कर रहा है। ध्वजारोहण समारोह के अंतिम दिन सुबह से ही पार्श्वनाथ जैन मंदिर में धर्मावलम्बियों का बड़ी संख्या में तांता लगना शुरू हो गया था। नवकारसी के पश्चात कोर्ट रोड़ से भव्य शोभा यात्रा प्रारंभ हुआ जिसमें भक्तगण का उत्साह देखने लायक था। कोर्ट रोड़ से अस्पताल चौराहा, कोतवाली रोड़, निचला बाजार, सदर बाजार, माधव चौक, गांधी चौक होती हुई, शोभा यात्रा का समापन पार्श्वनाथ जैन मंदिर पर हुआ जहां शुभ मुहुर्त में विधिवत पूजा अर्चना का अनुष्ठान प्रारंभ हो गया और ठीक 12:36 मिनिट पर मुहुर्त के अनुसार हजारों भक्तों की उपस्थिति में जिन मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर भक्तों ने हर्ष से विभोर होकर भगवान के जय-जयकार के नारों से आकाश गुंजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### भक्ति संगीत ने बांधा अद्भुत समां

ध्वजारोहण समारोह का शुभारंभ 28 जून को स्नात्र पूजा, अभिषेक और भक्ताम्बर स्तोत्र के पाठ के साथ हुआ। प्रथम दिन के कार्यक्रम मुनिसुब्रत स्वामी नूतन जिनालय पर संपन्न हुए। शाम को पार्श्र्वनाथ जैन मंदिर पर बैतुल से पधारे धीरज बोथरा और विवेक बोथरा ने परमात्मा भक्ति से माहौल को भक्तिरस से परिपूर्ण कर दिया। भक्ति संगीत का यह कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक चला। आयोजन के दूसरे दिन 29 जून को परमात्म भक्ति के अनेक आयोजन सुबह से ही प्रारंभ हो गए। स्नात्र पूजा, अभिषेक पूजन और दादा गुरूदेव का विधिविधान पूर्वक पूजन हुआ। पूजन की रस्म परम गुरू भक्त लवेश जी एवं हिमांशु जी, वुरड़ इंदौर के द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर रात्रि आठ बजे से राजनादगांव से पधारी भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक जोरदार प्रस्तुतियां दी। जिन्हें सुनकर दर्शक भाव विभोर हो उठे और अपने पैरों को थिरकने से नहीं रोक सके। आयोजन की सफलता के लिए श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला ने सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## माधव राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के लिए प्रवेश 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक प्रतिबंधित

**निज संवाददाता**

शिवपुरी-सभी राष्ट्रीय उद्यानो में 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक पर्यटकों का प्रवेश प्रतिबंधित रहता है। माधव टाइगर रिजर्व, शिवपुरी अंतर्गत पर्यटन वर्ष 2024-25 (01 अक्टुबर 2024 से 31 मई 2025) में 14467 भारतीय एवं 14 विदेशी, कुल 14481 पर्यटको द्वारा माधव टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। टाइगरो का खुले क्षेत्र में छोड़ा गया है तथा पर्यटको हेतु जिस तरह से माधव राष्ट्रीय उद्यान के आसपास पर्यटन सुविधाओं में वृद्धि हो रही है एवं गाईड आदि प्रशिक्षित किए जा रहे है उससे आगामी पर्यटन सत्र में पर्यटकों की संख्या में और अधिक वृद्धि होने की संभावना है। पिछले 2 वर्षो में आये पर्यटकों की संख्या वर्ष 2023-24 में पर्यटकों की संख्या 8765 एवं वर्ष 2024-25 में पर्यटकों की संख्या 14481 है।

# जहां दिखेगा रोड़ पर गढ्ढा, वहां लगेगा भाजपा का झण्डा चलेगा अभियानः प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता

### आम आदमी पार्टी चलाएगी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति को लेकर जन आन्दोलन

**निज संवाददाता**




शिवपुरी- मप्र में आम आदमी पार्टी के द्वारा आगामी समय में जहां दिखेगा रोड़ पर गढ्ढा, वहां लगेगा भाजपा का झण्डा, इस अभियान को लेकर जन आन्दोलन चलाया जाएगा, जिसमें मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति को लेकर भी प्रदर्शन किया जाएगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर आप पार्टी अभियान चलाकर जनता को इससे जोड़ेगी ताकि हरेक व्यक्ति के रूप में इस आन्दोलन को जन आन्दोलन बनाया जाएगा, अभी इसकी शुरूआत ग्वालियर से हो चुकी है और अब यह शिवपुरी में होने जा रहा है जहां मप्र की 20-25 वर्षो की भाजपा सरकार में विकास की पोल जनता के सामने खोली जाएगी, सड़क के गढ्ढों को देखकर वहां भाजपा का झण्डा लगाया जाएगा, भले ही आप पार्टी के खिलाफ कोई भी एफआईआर दर्ज हो, हमें इसकी परवाह नहीं। यह कहना है कि आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एड.रोहित गुप्ता ने जो स्थानीय होटल ऋषि मैरिज गार्डन में आयोजित आप पार्टी के कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आप पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव कुलदीप बाथम, प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु चौहान, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राहुल गौड़, जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता बबलू, प्रदेश सह सचिव वीरेन्द्र रावत एवं श्रीमती भावना मौजूद रही। इस दौरान आप पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने संगठन को लेकर बात कही और बताया कि शिवपुरी जिले के सभी ब्लॉकों में पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है और जिला मुख्यालय सहित जिले भर में आप पार्टी का यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें आमजन को इस अभियान से जोडऩे के लिए जन-जनजागरूकता के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# 3 महीने से 3 साल तक के बच्चों के लिए भारत का पहला एजुकेशन रिसर्च

## गीता पब्लिक स्कूल को एमएम एम पर मिला कॉपीराइट

**निज संवाददाता**




अभी हाल ही में भारत की पहली स्कूल डायरी पर कॉपीराइट के बाद गीता पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने एकेडमिक के क्षेत्र में एक नया कॉन्सेप्ट प्रस्तुत किया है जिसको नाम दिया गया है एमएमएम मोमी माय मेंटर- इंफेंट क्यूरियो ट्रेनिंग स्कूल 3 महीने से 3 साल तक के बच्चों के लिए तैयार किए गए विशेष शैक्षणिक कांसेप्ट को इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी डिपार्टमेंट(बौद्धिक संपदा विभाग) द्वारा आधिकारिक रूप से कॉपीराइट प्रदान किया गया है। इस विशेष कांसेप्ट को गीता पब्लिक स्कूल ने विकसित किया है, जिसमें 3 महीने से 3 साल तक की आयु के बच्चों के सर्वांगीण विकास (मानसिक, शारीरिक, संवेगात्मक और सामाजिक) के लिए वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया शैक्षणिक ढांचा शामिल है। बच्चों के लिए उनकी पहली गुरु उनकी मां होती है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए 3 माह से 3 साल के बच्चों को उनकी मदर्स अब अपने साथ प्लेग्रुप लेकर जाएंगी जहां पर बच्चे को गेम्स, अलग अलग तरह के कलरफुल खिलौने, डांस, सिंगिंग, स्टोरी टेलिंग, म्यूजिक, एक्टिविटी पार्टिसिपेशन, ग्रुप कनेक्टिविटी में लेकर आना, पेरेंट्स कनेक्टिविटी में लेकर आना वे स्वयं सीखा पाएंगी। इस उम्र में बच्चों में सीखने की विलक्षण प्रतिभा होती है। बच्चे के लिए 2 से 3 घंटे का स्कूल होगा जिसमें बच्चे अपनी मद के साथ जाएंगे। इसके साथ ही मां अपने बच्चे को सही तरीके से एनालिसिस भी कर पाएगी कि उसका बच्चा किस चीज में आगे है। बच्चे की हेल्थ के बारे में भी प्रॉपर जानकारी रख पाएगी। जो वर्किंग मदर्स है जो चाहते हुए भी बच्चों के लिए पर्याप्त समय नहीं निकाल पाती वहां पर बच्चों के साथ उनकी ग्रैंड मदर्स बच्चों के साथ प्लेस्कूल जा सकती हैं। उनके लिए यह बहुत ही पॉजिटिव टास्क रहेगा। स्कूल प्रबंधन द्वारा यह विचार और उसकी संपूर्ण ढांचा इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी डिपार्टमेंट को प्रस्तुत किया गया। विभाग ने उस विचार की मौलिकता, सामाजिक प्रभाव और शैक्षणिक महत्व को देखते हुए उसे कॉपीराइट की विधिक मान्यता प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल संचालक श्री पवन कुमार शर्मा ने कहा कि ÷हमने रिसर्च और प्रेक्टिकल अनुभव के बाद इस मॉडल को विकसित किया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे विचार को बौद्धिक संपदा विभाग से आधिकारिक मान्यता मिली है। अब हम इस मॉडल के जरिए देश में शिशु शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा दे सकेंगे।

## पुलिस विभाग में सेवा प्रदान करने के बाद 03 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त

### सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुये प्रमाण पत्र, शॉल-श्रीफल और ट्राली वेग भेंट कर विदाई दी

**निज संवाददाता**



शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यवाहक सउनि अशोक सिंह जादौन, कार्यवाहक सउनि सलीम उल्ला खान एवं कार्यवाहक प्र.आर. दीवान सिंह को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने पर सेवाकाल के दौरान उनके अनुभवों को साझा किया तथा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं देकर उनको प्रमाण पत्र, सॉल श्रीफल और ट्राली वेग भेंट कर देकर विदाई दी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, सूबेदार/स्टेनो आशीष पटेरिया, सूबेदार/स्टेनो आमिर कुरेंशी, सूबेदार भानू प्रताप एवं मुख्य लिपिक योगेशवरी शिवहरे उपस्थित रहे।

# शिवपुरी में ई-अटैंडैंस का जबरदस्त विरोध सैकड़ों शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुँचे, विरोध में सौंपा ज्ञापन

### सिर्फ शिक्षा विभाग में ई अटेंडेंस लागू करने को लेकर शिक्षकों में भारी रोष

**निज संवाददाता**

शिवपुरी-- मध्यप्रदेश में सिर्फ शिक्षकों पर ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू कर जो अविश्वास विभाग ने दर्शाया है उससे शिक्षक समाज में भारी नाराजगी है। ई अटेंडेंस के आदेश निरस्त करने की मांग को लेकर भारी संख्या में शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुँचे जहां उन्होने विरोध प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर ममता शाक्य को सामूहिक रूप से सौंपा।
शिक्षकों का कहना है कि यह व्यवस्था पूर्णतः अव्यवहारिक है और सिर्फ शिक्षकों पर ही व्यवस्था को लागू करना समाज में उन्हे अपमानित करने जैसा है। शिक्षक समाज में गुरू का स्थान रखता है। 70 से 80 प्रतिशत विद्यालय दूर दराज के ग्रामीण ईलाकों में हैं जहॉं मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर अव्यवस्थायें पूर्व से विद्यमान हैं। ग्रामीण क्षेंत्रों में नेटवर्किंग जैसी तकनीकि, प्राकृतिक एवं व्यवहारिक समस्याओं को लेकर शिक्षक, ई अटेंडेंस जैसी तकनीकि व्यवस्था पर सटीकता से कैसे चल पाएगा। पूर्णतः मोबाईल पर आधारित ई अटेंडेंस व्यवस्था मोबाईल नेटबर्क न आने, खराब हो जाने, चार्जिंग व अन्य समस्या उत्पन्न होने पर शिक्षकों को परेशानी का कारण बनेगी। शिक्षकों का यह भी कहना है कि अगर व्यवस्थाओं की खामियों में सुधार करना ही है तो पहले इस व्यवस्था को प्रदेश के सभी कार्यालयों एवं विभागों में लागू किया जाए तभी म.प्र. शासन के मंशानुसार लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन से पूर्व शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में हनुमान मंदिर माधव चैक पर 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ एवं अमर शहीद तात्याटोपे स्मारक पर कैंडल जलाकर विरोध प्रकट किया था। तथा ब्लॉक स्तरों पर भी ई अटेंडेंस व्यवस्था को निरस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिये गये थे। इस विरोध प्रदर्शन के समय मुख्य रूप से राजेन्द्र पिपलौदा, पवन अवस्थी, कौशल गौतम, राजकुमार सरैया, गोविन्द अवस्थी,नीरज सरैया,सुनील वर्मा, अमरदीप श्रीवास्तव, वीरेन्द्र अवस्थी, अशोक कुमार असैया, मनमोहन जाटव, मनोज शर्मा वीरेन्द्र रावत, सतीश वर्मा, अवधेश श्रीवास्तव, कपिल पचौरी, प्रतिभा गंदर्भ, रिहाना सिद्वकी, रेखा शाक्यवाल, हेमशन हिण्डोलिया, रानी सैन, ममता खरे, विनीता हिनवार, संतोशी भोलू, वंदना गुप्ता, मिथलेश अग्रवाल, नूतन जाटव, गरिमा मजेजी, ज्योति जैन, दुर्गेशवरी, कीरत लोधी, हरिवल्लभ शर्मा, महावीर मुदगल, संजय पाराशर, दिनकर नीखरा, दीपक भागोरिया, जय प्रकाश शर्मा, नरेन्द्र महोबिया, रवीन्द्र द्विवेदी, विष्णु राठौर, दीपक मांझी, मनोज भार्गव, राधे मुदगल, जितेन्द्र शर्मा, ग्यासीराम ओझा, राघवेन्द्र सोनी, संजय जैन, राजीव बाथम राठौर सर आदि उपस्थित थे।

## मैनपुरी से महाराष्ट्र जा रहा मक्का से भरा ट्रक पलटा रात 1 बजे हुई घटना ड्राइवर को किया ग्वालियर रेफर



**निज संवाददाता**

कोलारस कोलारस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले न 40 पर रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हुआ दर्द गांव स्थित हनुमान जी मंदिर के पास मक्का से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया हादसा करीब रात 1:00 बजे हुआ ट्रक उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से मक्का लड़कर महाराष्ट्र ले जा रहा था ट्रक में दो कर्मचारी सवार थे हादसे में ड्राइवर जसवंत निवासी मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया है उसे प्राथमिक उपचार के बाद शिवपुरी से ग्वालियर रेफर किया गया दूसरे कर्मचारियों को मामूली चोटें आई उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है दुर्घटना के समय कोई अन्य वाहन या रहेगी वहां नहीं था कलर्स पुलिस मौके पर पहुंच गई थी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है ट्रक को रोड से पुलिस ने हटवाया

# पीके यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग घोटालाः बिना INC अप्रूवल के लाखों की फीस वसूली

## मध्यप्रदेश,उत्तरप्रदेश,राजस्थान,दिल्ली हर राज्यो के छात्र छात्राओ के साथ हुई धोखाधड़ी

**निज संवाददाता**

शिवपुरी - मध्य प्रदेश स्थित पीके यूनिवर्सिटी पर 2023-24 सत्र में बीएससी नर्सिंग कोर्स के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाले का गंभीर आरोप लगा है। छात्र-छात्राओं का कहना है कि यूनिवर्सिटी ने भारतीय नर्सिंग परिषद (ढ्ढहृष्ट) से मान्यता (अप्रूवल) के बिना ही दाखिले किए और लाखों रुपये की मोटी फीस वसूल की। यूपी, बिहार,दिल्ली ,राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में दलालों के जरिए भ्रामक प्रचार कर छात्रों को उज्जवल भविष्य का सपना दिखाया गया। दलालों ने यूनिवर्सिटी को ढ्ढहृष्ट से मान्यता प्राप्त होने का दावा किया, जिसके आधार पर सैकड़ों छात्रों ने दाखिला लिया। लेकिन जब सच्चाई सामने आई कि 2023-24 सत्र के लिए यूनिवर्सिटी के पास ढ्ढहृष्ट अप्रूवल नहीं था, तो छात्रों के पैरों तले जमीन खिसक गई। इस धोखाधड़ी ने न केवल उनकी मेहनत की कमाई लूट ली, बल्कि उनके दो साल बर्बाद कर उनके करियर को संकट में डाल दिया। छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी की इस ठगी ने उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया।छात्रों का आरोप फीस वापसी में यूनिवर्सिटी प्रबंधन कर रहा आनाकानी, प्रोफेसरों का व्यवहार गैर-जिम्मेदाराना छात्रों ने बताया कि जब उन्हें यूनिवर्सिटी की धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने अपनी फीस वापस मांगी, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टालमटोल की नीति अपनाई। कुछ छात्रों को आधे पैसे लौटाए गए, जबकि कई को एक भी पैसा नहीं मिला। कुछ छात्रों को शिवपुरी से भिंड के मृत्युंजय नर्सिंग कॉलेज में दाखिला दिलवाया गया, लेकिन वहां भी पढ़ाई और सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। छात्रों का आरोप है कि यूनिवर्सिटी में प्रोफेसरों की भारी कमी थी, और जो प्रोफेसर थे, उनका व्यवहार छात्रों के प्रति असहयोगी और गैर-जिम्मेदाराना था। डायरेक्टर जितेंद्र मिश्रा और डीन डॉ. ऐमन फातमा पर भी छात्रों ने गंभीर आरोप लगाए, जिसमें कहा गया कि प्रशासन ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। कई छात्रों ने अपनी फीस की रसीदें दिखाते हुए दावा किया कि उन्होंने समय पर भुगतान किया था, फिर भी उनकी



पढ़ाई अधूरी रह गई। इस स्थिति ने छात्रों को मानसिक और आर्थिक रूप से तोड़ दिया, और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

### कानूनी कार्रवाई की मांगः 'हमारा भविष्य बर्बाद कर दिया'

छात्रों और उनके अभिभावकों ने इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यूनिवर्सिटी ने दलालों की मिलीभगत से यह ठगी की, जिसके लिए सख्त कार्रवाई जरूरी है। कई छात्रों ने स्थानीय पुलिस और शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज करने की योजना बनाई है। एक प्रभावित छात्र ने कहा, फ्हमने अपने परिवार की मेहनत की कमाई इस यूनिवर्सिटी में लगाई, लेकिन हमें धोखा मिला। हमारे दो साल और करियर बर्बाद हो गए।फ्र छात्रों ने मांग की है कि यूनिवर्सिटी उनकी पूरी फीस वापस करे और इस घोटाले के दोषियों को सजा मिले। सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिना ढ्ढहृष्ट अप्रूवल के यूनिवर्सिटी ने दाखिले क्यों लिए? विशेषज्ञों का मानना है कि यह शिक्षा के नाम पर ठगी का गंभीर मामला है, जिसकी जांच आवश्यक है। यूनिवर्सिटी प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। छात्र अब कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर अपनी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

### पीके यूनिवर्सिटी से प्रताड़ित छात्रों ने क्या कहा सुनिये उनकी जुबानी

(1) बीएससी नर्सिंग 2023-24 में एडमिशन लिया था 40 हज़ार रुपये जमा भी किये लेकिन 2 वर्ष हो गये इनके यहाँ आईएनसी अप्रूवल नहीं था हमे पागल बनाया गया, इस यूनिवर्सिटी ने धोखा दिया है अब मजबूरन में अन्य यूनिवर्सिटी से बीफ़ार्मेसी कर रहा हूँ । विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर मध्य प्रदेश नर्सिंग काउंसिल से सत्र 23-24 के लिए अनुमोदन भी नजर नहीं आया? यह एक गंभीर जांच का विषय है

**अजय लोधी पिछोर जिला शिवपुरी मध्यप्रदेश**

(2) बीएस सी नर्सिंग में 2023-24 में एडमिशन लिया, एक लाख 40 हजार रुपए जमा भी कराये लेकिन यहाँ आईएनसी अप्रूवल नही था इस कारण बहुत परेशान हुए हमारा पैसा बापस तो नहीं हुआ लेकिन हमे भिंड जिला के एक नर्सिंग कॉलेज में एडमिशन करवा दिया गया लेकिन ग़लत है दिखाया कुछ मिला कुछ, मेरे साथ और भी यूपी के दोस्त है उनके साथ भी यही हुआ है ।

**अमित कुमार बरेली उत्तरप्रदेश**

(3) हमने एक लाख 25 हजार रुपए दिये 2 वर्ष में अभी तक पेपर नही हुए ना ही पैसा बापस मिला।

**विपिन सागर जिला रामपुर उत्तरप्रदेश**

(4) हमने भी 2023-24 में एक मनोज दलाल है उसके माध्यम से एडमिशन लिया था हमारे पापा किसान है हमसे 75 हजार रुपये जमा भी करवाये लेकिन जब आईएनसी अप्रूवल नहीं था तो क्यो एडमिशन करवाया गया, इन पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए,

**विकाश कुमार आगरा उत्तरप्रदेश**

## बजरंग दल ने गौ माता के संरक्षण में हाईवे से गौ माता को हटाने के लिए की पहल की शुरुआत



**निज संवाददाता**

कोलारस। आए दिन सड़क हादसे में हो रही गौ माता की हत्या एवं जनहानि को देखते हुए कोलारस नगर के बजरंग दल समिति ने गौ माता को हाईवे से दूर करने के लिए पहल की शुरुआत की गई है। बजरंग दल समिति ने बताया कि इस पहल से गौ माता सड़क हादसे से बच सकेंगे और साथ ही बेरोजगार को रोजगार भी मिल जाएगा। समिति ने कहा कि गौ सेवक को हमारी समिति द्वारा हर महीने ?6000 तनख्वाह मिलेगी और साथ ही पेट्रोल भ्रमण के लिए मिलेगा। युवक को प्रतिदिन रात्रि 8:00 से सुबह 6:00 तक तैनात रहना पड़ेगा। जो कि हाईवे स्थित रिलायंस द्घद्ब्रश्व पेट्रोल पंप से पूर्ण खेड़ी टोल प्लाजा तक सड़क किनारे बैठी हुई गौ माता को वहां से हटाकर दूर करना होगा जिससे कि सड़क हादसा नहीं हो सके क्योंकि इस हादसे के दौरान गौ माता की रक्षा हो सकेगी साथी ही जनहानि भी नहीं हो सकेगी। इसके अलावा गौ माता हितैषी सभी समाजसेवी जो इच्छुक हो दान द्वारा सहयोग कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए हमारी कोलारस बजरंग दल समिति से संपर्क कर सकते हैं। बजरंग दल समिति नंबर 80859 12250

# स्वस्थ शरीर में होता है, स्वच्छ/ सुन्दर विचारों का वास:जनपद न्यायाधीश

झांसी ■ संवददाता

आज जनपद न्यायाधीश श्रीमती कमलेश कच्छल ने जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बीबीजीटीएस मूर्ती संग संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश ने कारागार परिसर में नव निर्मित ओपन जिम का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ एवं सुंदर विचारों का वास होता है। उन्होंने महिला कैदियों को भी सुझाव देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम अनिवार्य रूप से करें, नियमित व्यायाम करने से हम जहां अपने आप को स्वस्थ रख सकेंगे वही अनेकों बीमारियों से भी दूर रह सकते हैं।निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ बैरक में निरूद्ध महिला कैदियों से बात की एवं उन्हें प्राप्त हो रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने उनसे स्वास्थ्य के बारे में पूछा गया एवं बीमार होने पर प्रॉपर ईलाज मिलने के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरूद्ध महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि बीमार होने पर डॉक्टर द्वारा उनका ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों को गुब्बारे, चॉकलेट एवं स्नैक्स वितरित कर उनके साथ प्यार दुलार किया।जनपथ



न्यायाधीश ने जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण के दौरान कारागार में बनी सब्जी एवं दाल को देखा एवं उसकी गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। पाकशाला का निरीक्षण करते हुए उन्होंने साफ सफाई के पुख्ता इंतजामात करने के भी निर्देश दिए। इसके उपरान्त उन्होंने कारागार में बने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से उनके ईलाज के संबंध में जानकारी ली एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराये जाने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त उन्होंने वृद्ध बंदियों से भी वार्ता की एवं उनसे कहा कि यदि उन्हें ईलाज अथवा अन्य किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो वह उन्हें बतायें ताकि समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके।कारागार का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम के दृष्टिगत समस्त बंदियों को संचारी रोगों से बचाए जाने के जो भी इंतजामात किए जाने उन्हें प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कारागार में फॉगिंग कराए जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुधाकर पाण्डेय,वरिष्ठ कारागार अधीक्षक श्री विनोद कुमार, कारपाल श्री प्रदीप कश्यप, उप कारपाल श्रीमती मोनिका सचान एवं जेल चिकित्सक डॉ0 रामस्वरूप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज बीफ्र

### श्री राम महायज्ञ. श्री राम कथा श्री रामलीला का भव्य आयोजन



चिरगांव (झांसी ) विकासखंड के ग्राम बंगरा बंगरी में अरविंद बादल के नेतृत्व में श्री राम कथा ब श्री राम लीला का आयोजन हुआ यहां पर बड़ी संख्या में आस पास के गाओ के लोग एकत्रित होकर रामलीला देखने आ रहे हैं ओर देश के अलग अलग छेत्र से महान विद्वान सन्त महात्मा आय हुए हैं इस कार्यक्रम से पूरा गांव भक्ति मय हो गया है यहां पर आय हुए श्रोता जनो के लिए बैठने, पीने का पानी आदि की उचित व्यवस्था अरविंद बादल ने कराई हुई है छोटी छोटी खिलोने की दुकानें ब बच्चो के मनोरंजन के लिए झूले आदि लगाए हुए हैं रामलीला के कलाकारों ने अपनी अद्भुद प्रतिभा का दर्शन सभी को कराया है सभी जन मानस ने रामलीला में आय हुए कलाकारों की प्रशंसा की.

### सनशाइन क्लब (34) के कार्यवाहक अध्यक्ष अमित जैन जी की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



नंदनपुरा श्मशान घाट स्थित बच्चों का अंतिम संस्कार स्थल पर नीम, पीपल, बरगद, शीशम, सागौन, अमरूद, गुलमोहर, इमली, फिल्टाफार्म , चिनार, कंदब एवं अर्जुन पौधों को रोपा गया।पौधारोपण कार्यक्रम के संयोजक अलका-पवन गुप्ता द्वारा सफलतापूर्वक कार्यक्रम को संयोजित किया गया।कार्यवाहक अध्यक्ष अमित जैन जी के द्वारा कहा गया कि स्वास्थ्य का परिचायक पर्यावरण को बढ़ावा देने के दृष्टिगत माह जुलाई में कई स्थानों पर पौधारोपण किये जाने के प्रयास किये जाएंगे।इस दौरान अनुराधा गुप्ता, नीरज भटनागर, विलास गुप्ता, चन्द्रशेखर तिगुनायक, पंकज अग्रवाल द्वारा पौधों को रोपा गया।अंत में सचिव वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी विभाग के घेराव की घोषणा

झांसी ■ संवददाता

उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार के नेतृत्व में आज जनपद झांसी के ग्राम धाय पूरा में विद्युत विभाग की तानाशाही के खिलाफ विशाल किसान पंचायत हुई पंचायत में किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत विभाग के घेराव की घोषणा की. किसान पंचायत में सैकड़ो किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए किसानों ने बताया लगातार 15 दिन से हमारे गांव मैं अंधेरा कायम है गांव में लगे 100 केवी के ट्रांसफार्मर फुक्र जाने सेआधे गाँव की लगभग 4000 की आबादी अंधेरे में डूब गई है बच्चे बुजुर्ग इस उमस भरी गर्मी में बीमार हो रहे हैं साथ में सांप बिच्छुओं का खतरा बना हुआ है विद्युत जेई से शिकायत की लेकिन कोई सुनाई नहीं हुई बारी-बारी से समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया अब साहब समस्या बर्दाश्त से बाहर है अगर 24 घंटे में विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू नहीं की जाती फूंके हुए ट्रांसफार्मर को नहीं बदला जाता तो मजबूरन हमको विद्युत विभाग का घेराव करना पड़ेगा इसकी जिम्मेवारी शासन प्रशासन की होगी. पंचायत में किसानों ने अपनी और भी समस्याओं को बताया कि गांव से जूनियर हाई स्कूल/ पंचायत भवन/ प्राचीन हनुमान मंदिर के जाने के मार्ग में एक रिपटा पड़ता है जो बरसात के मौसम मे डूब जाता है जिससे यहां के बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और यदि स्कूल



जाना पड़े तो जान जोखिम डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं पंचयात भवन के काम भी समय से नहीं हो पाते है भक्तजन प्राचीन हनुमान मंदिर मे पूजा करने नहीं जा पाते है अगर पूजा करना पड़े तो जान जोखिम डाल कर जाने को मजबूर हैं ये समस्या नहीं होती अगर रिपटा बनाते समय इसका सही आकलन कर लिया जाता तो आज ये नौबत नहीं आती द्य इसके अलावा हर घर नल जल योजना के तहत पाइप लाइन डालने के बाद भी आधा गाँव मे पीने के पानी का संकट का सामना करना पड़ रहा हैं इत्यादि समस्यायों का समाधान नहीं होता हैं तो मजबूरन होकर चक्का जाम होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी द्य मौके मौके पर फोन के माध्यम से उप जिला अधिकारी मऊरानीपुर अजय यादव जी को विद्युत की विकराल समस्या को अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने पंचायत में मौजूद सभी किसानों को आश्वासन दिया है जल्द ट्रांसफार्मर बदला जाएगा और विद्युत आपूर्ति की जाएगी परेशान ना हो. मौके पर शिव नारायण सिंह परिहार शेखर राज बड़ोंनिया प्यारेलाल बेधडक दीनदयाल गुप्ता मुन्नालाल यादव सौरभ गुप्ता दीपेश गुप्ता आशाराम कुशवाहा भजोले मौला बक्स रामदीन विश्वकर्मा कल्लू साहू लाला यादव बाबूजी श्रीवास जमुना गुप्ता बाबूजी श्रीप्रकाश खरे सिद्ध प्रकाश खरें वीरेंद्र श्रीवास कल्लू यादव हरगोविंद श्रीमती कुसुम प्रजापति सूरजभान राय सुरेश श्रीवास अरविंद कुशवाहा नीरज यादव बृजकिशोर चिंतामणि साहू रामदास अहिरवार वीरन यादव नीरज भगवान दास नापित चंद्रभान पाल मुन्नी अहिरवार मानवेंद्र यादव कालीचरण पाल मोहन पाल हर प्रसाद विश्वकर्मा राजपाल यादव रामदयाल पाल तुलाराम अहिरवार रामकिशन अहिरवार रवि साहू शिवदयाल साहू रामदीन गोविंद अहिरवार चंद्रपाल यादव परमानंद पाठक अंशुल पाठक जितेंद्र मोहन सुंदर अहिरवार राघवेंद्र यादव धीरज गुप्ता विशाल झा ठाकुरदास कुशवाहा बाबूलाल सुल्ले महेंद्र झा बलदेव कुशवाहा महेंद्र कुशवाहा राजू यादव तेज खान शाहिद खान महेंद्र संजीव साहू रोहित श्रीवास ओमप्रकाश बलदेव सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे.

# अपना दल एस ने दीपमाला कुशवाहा को राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच नियुक्त किया

झांसी ■ संवददाता

झांसीस अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के द्वारा झांसी निवासी दीपमाला कुशवाहा को राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच नियुक्त किया गया है दीपमाला के सोमवार को झांसी आगमन पर रेलवे स्टेशन पर पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद बैंक चौराहा, इलाइट चौराहा और कचहरी चौराहा पहुंचकर महापुरुषों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद सर्किट हाउस में दीपमाला सिंह कुशवाहा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि मैं सबसे पहले अपने राष्ट्रीय नेतृत्व श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी व कार्यवाहक अध्यक्ष आशीष पटेल जी का धन्यवाद देतीं हूं जिन्होंने मुझ पर इतना भरोसा जताया,जो राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच की मुझे जिम्मेदारी दी। मैं विश्वास दिलाना चाहती हूं कि मैं उनकी उम्मीदों पर खरी उतरूंगी। दीपमाला ने कहा हमारी कोशिश होगी कि आने वाले पंचायत चुनाव में पूरे प्रदेश में हर सीट पर हमारा दावेदार हो और बड़ी संख्या में हमारे दावेदार जीतकर आए उसकी तैयारी में हम अभी से जुट रहे हैं। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छा प्रदर्शन करें उसकी भी तैयारी शुरू कर रहे हैं। पूरे देश



में पार्टी का विस्तार लगभग हो गया है सभी जिलों में पदाधिकारी नियुक्त हो गए हैं। हमारी यही कोशिश है कि हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को मजबूती से खड़ा कर लें ताकि आगामी विधानसभा चुनाव हमारे लिए मील का पत्थर साबित हो, पूरी पार्टी यही चाहती है कि अनुप्रिया पटेल जी उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बने।प्रेस वार्ता के दौरान मऊरानीपुर की विधायक रश्मि आर्या, पप्पू सेठ, जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह पटेल,विजय कछवारे महानगर अध्यक्ष, जागरूक सचान क्षेत्रीय अध्यक्ष ,विद्या श्रीवास्तव महिला मंच अध्यक्ष ललितपुर, मनोहर पटेल जिला अध्यक्ष ललितपुर,सोहनलाल निरंजन जिला महासचिव ललितपुर,धर्मपाल निरंजन राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच, शिव कुमार दद्दू सोलंकी राष्ट्रीय सचिव व्यापार मंच, अमरीश कुमार,अरविंद पटेल राष्ट्रीय महासचिव व्यापार मंच, आनंद पटेल जिला पंचायत सदस्य, अवधेश कुमारी ,दानिश कुरेशी, पवन पटेल ,रितिका राव ,किरण वर्मा, शोभा कुशवाहा, बबीता वी राव, विनीता वी राव, , पवन पटेल ,अजहर कुरेशी जिला अध्यक्ष युवा मंच ,जावेद कुरैशी,अंशुल पटेल,अशोक कुमार,हर्ष विश्वकर्मा, सचिन झसीया, किरण जैन, राहुल कुशवाहा, जीतू कुशवाह, मुकेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# 52 किलोग्राम लड्डू का केक काटकर मनेगा सपा मुखिया का जन्मदिन, होंगे विभिन्न आयोजन

ललितपुर। समाजवादी पार्टी के मुखिया, पूर्व मुख्यमंत्री एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव का जन्मदिन आज 1 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर फ्रंटल संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके क्रम में मंगलवार सुबह 7 बजे समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत एवं उनकी टीम द्वारा गोविंद सागर बांध स्थित तलहटी पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके बाद जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में सपा कार्यालय पर सुबह 11 बजे 52 किलोग्राम का लड्डू का केक काटकर जन्मदिन मनाया जाएगा, साथ ही एक विचार गोष्ठी आयोजित होगी। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# क्रिएटर चौपाल में डॉ0 संदीप ने विजेताओं को 21000 रुपये नगद एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर किया सम्मानित

## क्रिएटर चौपाल ने मचाई बुंदेलखंड में धूम, बनाये कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड



झांसी ■ संवददाता

झाँसी। जनपद के दीनदयाल सभागार में क्रिएटर चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर सक्रिय युवाओं को सही मार्गदर्शन प्रदान कराना एवं उनमें चेतना एवं जागरूकता लाना है। सम्पूर्ण बुंदेलखंड से 500 से ज्यादा क्रिएटर, इनफ्लुएंसरों ने कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में बुंदेलखंड इन्फ्लुएंसर किंग यशपाल सोनी एवं क्वीन शिवि राजपूत को चुना गया। आयोजन के प्रेरणा स्रोत पंडित दीपेंद्र अड़जरिया रहे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राशि साहू व नवाबाद थाना प्रभारी संतोष अवस्थी सम्मिलित रहे। अतिथियों के आगमन पर दीप प्रज्वलन पश्चात कार्यक्रम आयोजक सुनील नाहर ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का आकर्षण एम.जे डांस अकैडमी नैना की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक, अजहर का गायन एवं एस.के.एन की गिटार पर प्रस्तुति रही, वहीं छतरपुर से आई परी गुप्ता ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। टैक गुरु रवि गुप्ता ने सभी युवाओं को अपने अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान किया वहीं साइबर क्राइम सैल से उपनिरीक्षक नीरज यादव ने भी सोशल मीडिया पर जागरूकता के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ0 संदीप ने कहा वर्तमान समय में सोशल मीडिया आय, प्रचार प्रसार और ज्ञान अर्जन का सबसे सशक्त साधन बन चुका है। हमारे युवाओं द्वारा ज्ञानवर्धक विषयों पर कई वीडियो और रील्स बनाई जा रही हैं जो वास्तविकता में समाज को नई दिशा की ओर ले जा रहे है। वहीं कुछ लोग धन के लालच में सोशल मीडिया पर अपशब्द, फूहड़ता और अश्लीलता परोस रहे हैं, आज के आधुनिकता के युग में टेक्नोलॉजी का जितना लाभ हमें मिल रहा है उतना ही समाज में मर्यादा और संस्कारों का विनाश भी हो रहा है। ऐसे लोगों का विरोध करना भी हम सभी का कर्तव्य है। हमारे युवाओं को चाहिए ऐसी वीडियो और रील्स बनाएं जिससे छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन हो और समाज को कुछ अच्छा सीखने को मिले। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को डॉ0 संदीप की ओर से उत्साहवर्धन हेतु 21000 रुपये नगद पुरस्कार व मोमेंटो दिया गया। कार्यक्रम में दिव्य ज्योति नेत्र चिकित्सालय से अनुरोध सिंह, संतराम पेंटर, ड्रीमलैण्ड पूल कैफे से अंजलि, साक्षी राय आदि भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुनील नाहर एवं गायत्री राय (नाहर एंटरटेनमेंट) ने किया वहीं प्रबंधन बेबी इमरान (महारानी एंटरटेनमेंट) का रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में झाँसी नगर निगम, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी का आभार बेबी इमरान ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के आयोजन में सुमित सिंह, मिराज यासिर, फराज, ऋषभ गुप्ता, गजेंद्र, पहलाद पाल, प्रियम नाहर की भूमिका रही व व्यवस्थापन में आकाश नायक ने विशेष भूमिका निभाई। इस अवसर बॉलीवुड एक्टर अमित बघेल ग्वालियर, बिन्नू रानी, संदीप चंदेल महोबा, शिवानी ठाकुर बांदा, रोहित गुप्ता कानपुर, संघर्ष सेवा समिति से प्रमेन्द्र सिंह, संदीप नामदेव, सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, राजू सेन, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, महेंद्र रायकवार, कमल मेहता आदि उपस्थित रहे।

# बरसात में भगवान भरोसे करमरा का आरोग्य मंदिर, नहीं डॉक्टर, नहीं इलाज – जानवर भी नहीं घुसते भीतर

ललितपुर/(करमरा)। राज्य सरकार भले ही ष्स्वस्थ उत्तर प्रदेशष् और ष्आयुष्मान भारतष् जैसी योजनाओं के ज़रिए ग्रामीण भारत को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के वादे कर रही हो, लेकिन जमीनी सच्चाई कुछ और ही कहानी बयां करती है। जनपद ललितपुर की महरौनी तहसील के ग्राम पंचायत करमरा स्थित आयुष्मान भारत आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) बदहाली का शिकार है और प्रशासन की उपेक्षा का उदाहरण बन गया है।

ग्रामवासी एडवोकेट शशिकांत सिंह लोधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, स्वास्थ्य मंत्री व मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर इसकी दुर्दशा की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। हालात यह हैं कि भवन की खिड़कियाँ और दरवाजे टूटे हुए हैं, अंदर गंदगी और धूल की परतें जमा हैं। न कोई डॉक्टर है, न एएनएम




नियमित आती हैं। बरसात के इस मौसम में जब डेंगू, मलेरिया और दस्त जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, उस समय इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण ठप है। ग्रामीणों ने बताया कि जानवर भी इस भवन में नहीं घुसते, इतनी बदबू और गंदगी है। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि हर वर्ष केंद्र के रखरखाव और दवाओं के नाम पर जो बजट जारी होता है, वह आखिर कहां जा रहा है? जवाबदेही तय करने की आवश्यकता है। एडवोकेट शशिकांत सिंह लोधी का कहना है कि ष्यह केंद्र केवल नाम का आरोग्य मंदिर बनकर रह गया है। बरसात में जब बीमारियाँ सबसे अधिक फैलती हैं, तब यह केंद्र ताले में बंद रहता है। यह ग्रामीणों के स्वास्थ्य के अधिकार का घोर उल्लंघन है।ष् उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल निरीक्षण, चिकित्सा स्टाफकी नियुक्ति, दवा आपूर्ति और भवन की मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही दोषी कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की अपेक्षा जताई है।

स्वामी, मुद्रांक, प्रकाशक, महेंद्र तिवारी, द्वारा तिवारी आर्ट्स गुंडी गुंडा का नाका 14 बटालियन न्यू कुशवाहा कॉलोनी ग्वालियर से मुद्रित कराकर ताज 1100 कंपाउंड नंदनपुर झांसी से प्रकाशित संपादक उत्तम दुबे, व्यवस्था एक संपादक ध्रुव दुबे, (पी आई सी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदारी सभी विवादों का न्याय क्षेत्र झांसी उत्तर प्रदेश रहेगा मो, 9074692488, 9451232588,810348949